---

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **28 फरवरी / February, 2020**

---

## सिडबी द्वारा पुणे में स्वावलंबन बाजार का आयोजन
## SIDBI organizes Swavalamban Bazaar in Pune

### इस पहल का उद्देश्य लघु उद्यमियों की क्षमता का निर्माण करके उन्हें वित्तीय रूप से साक्षर बनाते हुए ऋण और बाजार से जोड़ना है
### Initiative aimed at providing credit connect, market connect, financial literacy and capacity building for small entrepreneurs

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 26 फरवरी, 2020 से 01 मार्च, 2020 के दौरान, पुणे स्थित सीज़न्स माल, मगरपट्टा, हडपसर में स्वावलंबन बाज़ार का आयोजन किया। यह उपक्रम मिशन स्वावलंबन के अंतर्गत सिडबी की ओर से एक और पहल है तथा इसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमियों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक विपणन-मंच प्रदान करना है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs), has organized Swavalamban Bazaar at Seasons Mall, Magarpatta, Hadapsar, Pune during February 26, 2020 to March 1, 2020. The event is yet another initiative of SIDBI under mission Swavalamban and is aimed at providing a marketing platform to micro entrepreneurs to sell their products.

सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने इस अवसर पर कहा, "यह पहल हमारे सिडबी विजन 2.0 का एक हिस्सा है। आकांक्षी भारत को सिडबी द्वारा स्वावलंबन के माध्यम से रोजगार सृजनकर्ता के रूप में प्रेरित किया जा रहा है। इस बाज़ार की विशिष्टता क्रेडिट कनेक्ट, मार्केट कनेक्ट, वित्तीय साक्षरता, डिज़ाइन कनेक्ट और इसी तरह का मिश्रण है। हम समग्र भारत में सूक्ष्म उद्यमों के फलक को और विस्तृत बनाने का इरादा रखते हैं और क्षमता निर्माण के माध्यम से विकास की ओर उड़ान भरते हुए उद्यमियों की आकांक्षाओं को विस्तार दे रहे हैं।"

Speaking on the occasion, Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman & Managing Director, SIDBI said, "This initiative is a part of our SIDBI Vision 2.0. SIDBI is poised to inspire the aspirational India, the Swavalamban way i.e. being job creators. The uniqueness of this bazaar

is a blend of credit connect, market connect, financial literacy, design connect and so on. We intend to widen the horizon of micro enterprises pan India and enable them to enhance their aspirations by taking next leap of growth through capacity building.”

इस आयोजन के मुख्य अतिथि, प्रख्यात उद्यमी और डीआईसीसीआई (दलित इंडिया चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ऐण्ड इंडस्ट्री) के संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. मिलिन्द काम्बले, ने कहा, "सिडबी की यह पहल बहुत अनोखी है और निश्चित रूप से कारीगरों और छोटे व्यवसाय के मालिकों, विशेष रूप से महिला उद्यमियों को, अपने कौशल और उत्पादों का प्रदर्शन करने में सक्षम बनाएगी और उनमें उद्यमिता की भावना को विकसित करेगी। बाज़ार में आने वाले युवाओं को इन रोल मॉडलों से प्रेरणा मिलेगी और वे उनके पदचिन्हों पर चलकर स्वावलंबी यानी नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाले उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।"

The Chief Guest of the event, Padmashree Dr. Milind Kamble, an eminent entrepreneur and founder President of DICCI (Dalit India Chamber of Commerce & Industry) said, “This initiative of SIDBI is unique and will certainly enable the artisans and small business owners, especially the women entrepreneurs, to showcase their skills and products and will also boost their enterprising spirit. The youth visiting the Bazaar will get inspiration from these role models and their footsteps will follow the direction of Swavalamban i.e. job creators rather than job seekers.”

विशिष्ट अतिथि श्री ए. एस. पिल्लै, महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे ने देश में उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित सिडबी के इस पहल की सराहना की और उद्यमशीलता के संवर्द्धन और व्यवसायिक सहजता के संबंध में सूक्ष्म उद्यमियों को भारत सरकार, आरबीआई, उद्योग संघों और अन्य हितधारकों द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने अपने व्यवसायिक उत्थान हेतु इन प्रयासों से लाभान्वित होने के लिए उपस्थित उद्यमियों का आहवान भी किया।

The Guest of Honour, Shri A S Pillai, General Manager, Reserve Bank of India (RBI), College of Agricultural Banking, Pune, appreciated SIDBI’s initiative aimed at encouraging entrepreneurship culture in the country and apprised the micro entrepreneurs of various initiatives undertaken by Government of India, RBI, SIDBI, industry associations and other stakeholders in promoting entrepreneurship and ease of business. He also invited these entrepreneurs to take advantage of these initiatives to grow their business.

वित्तीय साक्षरता प्रदान करने और क्रेडिट कनेक्ट में मदद करने के उद्देश्य से, सिडबी ने कई संस्थाओं अर्थात लघु वित्त बैंकों, स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों के प्रशिक्षण केंद्रों से हाथ मिलाया है।

With a view to impart financial literacy and help in credit connect, SIDBI has joined hands with several entities viz., Small Finance Banks, Self Help Groups and training centres for artisans.

महाराष्ट्र भर से 55 से अधिक कारीगरों को उनके विस्मयकारी दस्तकारी संग्रह के साथ एक छत के नीचे लाया गया है, जिसमें मिट्टी के बर्तन, कढ़ाई, क्रोशिया शिल्प, चित्रकारी, कपड़े पर हस्त कढ़ाई, लकड़ी की नक्काशी, पिपली का काम, कोल्हापुरी चप्पल, वस्त्र, हस्तनिर्मित आभूषण, हस्तरचित कुर्तियां आदि शामिल हैं।

Over 55 artisans from Maharashtra have been brought under one roof with their awe-inspiring handcrafted collection including pottery, embroidery, crochet craft, painting, textile hand embroidery, wood carving, applique work, kolhapuri chappals, garments, handmade jewellery, handcrafted kurtis, etc.

मिशन स्वावलंबन के तहत सिडबी, सूक्ष्म उद्यमों और सूक्ष्म उद्यमियों विशेषत: कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बाजारों में निवेश, पहुंच और बाज़ारों की समझ हासिल करने हेतु इन उद्यमियों की मदद करने के उद्देश्य से देश भर में अन्य विभिन्न स्थानों पर स्वावलंबन बाज़ार/मेले का आयोजन कर रहा है। बाज़ार/मेले का उद्देश्य आकांक्षी युवाओं के बीच उद्यमशीलता का बीजारोपड़ करना है, ताकि ये उद्यमी प्रदर्शकों के बीच में से अपने रोल मॉडल को चुनकर, एक उद्यमी के रूप में विकसित होने का प्रयास कर सकें। इससे पिरामिड के आधार-तल पर अवस्थित ये सूक्ष्म उद्यम, उद्यम पारितंत्र की जानी-माने हस्तियों के साथ जुड़ेंगे और बाजार की गतिशीलता को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

Under the Mission Swavalamban, SIDBI is organizing Swavalamban Bazaar/Mela at various other locations across the country with an objective to provide a platform to micro enterprises and micro enterprises especially artisans to showcase their products and to help these entrepreneurs in getting exposure, accessing and understanding of markets. The Bazaar/Mela aims at sowing the seeds of entrepreneurship amongst aspirant youth who can identify the role models among these exhibitors and endeavour to evolve as an entrepreneur. These micro enterprises at the bottom of the pyramid shall connect with who's who of enterprise ecosystem and understand market dynamics the better way.

पुणे मेला ने 11 उद्यमी शहरों को कवर करते हुए 1 मई से शुरू होने वाले सिडबी के स्वावलंबन एक्सप्रेस के विषय-विशेष को अपनाया है, जो आकांक्षी भारत को प्रेरणादायक यात्रा पर ले जा रहा है। इसमें मिशन स्वावलंबन के शुभंकर - श्री धंदेबाज को दर्शाया गया है, जो देश में उद्यमिता की भावना का प्रतीक है। स्वावलंबन एक्सप्रेस की ड्राइविंग सीट पर श्री धंदेबाज युवाओं को उद्यमी बनने और नौकरी देने वाले के रूप में विकसित करने की परिकल्पित यात्रा पर ले जा रहे हैं। मेले में लोगों की भीड़ उमड़ रही है, साथ ही इसमें प्रदर्शित विभिन्न उत्पादों को पसंद भी कर रहे हैं।

The Mela at Pune has adopted the theme of SIDBI's Swavalamban Express starting on May 1 covering 11 enterprising cities, taking aspirant India on inspirational journey. It depicts the mascot of Mission Swavalamban – Mr. Dhandebaaz which epitomizes the spirit of

entrepreneurship in the country. Mr Dhandebaaz, being on driving seat of Swavalamban Express, is taking youth along for an enterprising journey envisaged at evolving them as an entrepreneur and job giver. People are thronging to the Mela plus bouquet of offerings.

**सिड्बी के बारे में**: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासापरक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन का संस्पर्श किया है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों, उद्यमिता-पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी ही क्यों न हों।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI**: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in